हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–180 : जौनपुर, सोमवार 20 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या में चल रहीं 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं –सीएम योगी आदित्यनाथ

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए केंद्र व प्रदेश शासन की ओर से 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। एक वर्ष में जब यह धरातल पर उतरेंगी तो दुनिया अयोध्या को सुंदरतम नगरी के रूप में देखेगी। श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर तय समय सीमा के अंदर आगे बढ़ रहा है। प्रभु श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान होकर देश–दुनिया पर कृपा का प्रसाद बरसाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर मीडिया से मुखातिब थे। सीएम ने कहा कि आज अयोध्या में दर्शन–पूजन के साथ केंद्र–राज्य सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन व समीक्षा की। सीएम ने कहा कि मैंने भी कई कार्यों को देखा, इसलिए विश्वास से कह सकते हैं कि जिस तेजी से समयबद्ध तरीके से अयोध्या के विकास के कार्य पीएम के विजन व मार्गदर्शन में बढ़ रहे हैं। अयोध्या एक वर्ष में सुंदरतम नगरी के रूप में देश–दुनिया के सामने होगी। सीएम ने कार्यों को तेज करने, परियोजनाओं में मानक की गुणवत्ता बनाए रखने



के साथ समयबद्ध ढंग से इसे आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कहा कि मैन पॉवर बढ़ाने के साथ तीन शिफ्ट में काम करने की आवश्यकता है, जिससे बरसात के कारण दो–तीन महीने यदि बाधा भी आती है, तब भी विकास कार्य समय से पूरा हो सके। अयोध्या में भव्य श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन रहा है। 3000 मीटर का रनवे, एप्रन, टर्मिनल बिल्डिंग, बाउंड्रीवाल व आवश्यकतानुसार 791 एकड़ लैंड पहले ली जा चुकी है। 2200 एकड़ लैंड के लिए युद्धस्तर पर कार्रवाई चल रही है।

## उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर द्वारा आज तीसरे दिन भी जनपद के सभी केन्द्रों पर जारी रहा विरोध प्रदर्शन

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर द्वारा जनपद के सभी केन्द्रों पर दरी बिछाकर तथा बैनर के साथ अपना विरोध प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा । जनक कुमारी इंटर कालेज में जिलामंत्री प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनेश चक्रवर्ती ,संदीप सिंह, प्रशांत पांडे , रिपुसूदन सिंह जीजीआईसी में जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह के नेतृत्व में अखिलेश चंद्र,ब्रह्मदेव यादव, पियूष त्रिपाठी,गौरव सिंह अखिलेश सिंह,रामसागर सिंह, नगर पालिका इंटर कॉलेज में जयप्रकाश सिंह,प्रदीप सिंह संजय सिंह , इंद्रसेन सिंह , अमित त्रिपाठी टी0 डी0 इंटर कालेज में रामप्रकाश सिंह के नेतृत्व में जयशंकर सिंह, सिंह,प्रह्लाद सिंह आदि, शिया इंटर कालेज में प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सुधीर राय, रामप्रताप विश्वकर्मा,अखिलेश यादव



सहित बड़ी संख्या में शिक्षक तथा मोहम्मद हसन प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह ,संतोष रघुवंशी,राजेश यादव जी एन शाक्य, चंद्र प्रकाश दुबे, अजय सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे। संगठन ने यह तय किया है कि संगठन से मांगों के संबंध में सफल वार्ता होने जोरदार ढंग से बहिष्कार जारी रहेगा ।सभी केन्द्रों पर आज शिक्षक विधायक लालबिहारी यादव ने सभी केन्द्रों पर पहुंचकर बहिष्कार कार्यक्रम को अपना समर्थन दिया।

## क्षेत्र में बारिश व तेज हवाओं के कारण गेहूं की अगेती फसल बिखरी : आवागमन बाधित

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : जनपद में हुई बारिश व तेज हवाओ से कई गांवों में गेहूं की फसल जमीन पर चादर की तरह बिछने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से गेहूं की फसल नीचे गिर गई है, जिससे फसल की उत्पादन क्षमता पर भारी असर पड़ना निश्चित है। बेमौसमी बारिश किसानों के लिए आफत लेकर आई है। पहले धान के सीजन में किसान धान के औने पौने दाम मिलने से पहले ही बहुत परेशान थे। ऐसे में अब कुछ दिनों बाद पककर तैयार होने वाली फसल के जमीन पर गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं बारिश शनिवार व रविवार देर रात को क्षेत्र में कहीं हल्की तो कहीं जमकर बारिश हुई, इस दौरान तेज हवाएं भी चली। रविवार को दिनभर बादल छाए रहे और रुक–रुककर बारिश होती रही। बारिश होने के कारण जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई वहीं, किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के मुताबिक गेहूं की अगेती फसल जमीन पर बिछ गई जिसके कारण नुकसान की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। विकास खण्ड शाहगंज क्षेत्र के अतरौरा गाँव के किसान शाह आलम उर्फ मिस्टर , राम चन्दर विश्वकर्मा, सकिल अहमद, विकास विश्वकर्मा,मिसबाहुद्दीन(भोला) सिद्दीकी, करमराज गौतम व सुल्तान शेख,कासिम का कहना है कि इन दिनों फसल को बारिश की जरूरत नहीं थी, लेकिन बारिश के बाद हवा चलने के कारण नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि खासतौर पर गेहूं की अगेती फसल को नुकसान हुआ है। गेहू की फसल पूर्ण रूप से पक गयी थी और कुछ किसान तो फसल



कटाने की तयारी भी कर रहे थे लेकिन आकस्मिक बारिश ने किसान को काफी नुकसान पहुचाया । उन्होंने बताया कि फसल के गिरने के बाद पैदावार भी प्रभावित होती है और कटाई में भी दिक्कत आती है। वही मल्हनी बाजार से होकर अतरौरा गाँव को जोड़ने वाली सड़क पर चलाना पूर्ण रूप मुस्किल हो गया है। रास्ते में काफी गढ़्ढा और थोडा ही बारिश में लोगो का आवागमन बाधित हो जाता है। सड़क निर्माण के लिए स्थानीय लोगो द्वारा राज्य मंत्री मा. गिरिश चन्द यादव को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद आज तक नहीं बनी है जिससे स्थानीय किसानो में अपने खेत तक ज्यादा आने – जाने वाले रास्तो को लेकर चिन्ता बनी हुई है।

## दादरी में चित्राशं कायस्थ समाज समिति ने मनाया भव्य वार्षिकोत्सव समारोह : फूलों से खेली होली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर चित्राशं कायस्थ समाज समिति दादरी द्वारा पिंक सिटी स्थित बसंत फार्म हाउस में वार्षिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अथिति गौतम बुद्धनगर के डीएफओ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री पशुपतिनाथ सरस्वती महराराज ने भगवान चित्रगुप्त की संगीतमय कथा सुनाकर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। चंदन का टीका लगाकर लोगों ने फूलों की खूब होली खेली। इस बीच बुलंदशहर के हास्य कवि डॉ आलोक वेजान, राजेन्द्र सक्सेना और कई बाल कलाकारों ने अपनी–अपनी प्रस्तुति से जहां जन समुदाय को खूब गुदगुदाया, वहीं वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन और कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बारे में चित्राशं कायस्थ समाज समिति दादरी के अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने बताया कि संस्था के वार्षिक उत्सव में जो विशेष गणमान्य उपस्थित रहे, उनमें अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा के संस्थापक विजय कुमार श्रीवास्तव और छपरौला अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव, नंदग्राम के कायस्थ पदाधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, इंदिरापुरम गाजियाबाद से आए दिनेश सक्सेना, राजीव कांत आदि शामिल रहे। इन सभी को चित्राशं कायस्थ समाज समिति दादरी के पदाधिकारियों और महामण्डलेश्वर श्री



पशुपतिनाथ सरस्वती महराराज ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में चित्राशं कायस्थ समाज समिति दादरी के संस्थापक जगदीश प्रसाद सक्सेना, बिशन स्वरूप सक्सेना, सुरेश चंद्र सक्सेना, रविन्द्र नाथ श्रीवास्तव, संरक्षक बी. बी. सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ सुमित सक्सेना, श्रीमती शीला सक्सेना, सचिव प्रदीप कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष सतीश सक्सेना, संगठन मंत्री राजकुमार सक्सेना, संयोजक विपुल सक्सेना, मीडिया प्रभारी मयंक सक्सेना, दीप ललित सक्सेना, उप संगठन मंत्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना, कानूनी सलाहकार सुधीर सक्सेना एडवोकेट, खेल एवं संस्कृति मंत्री श्रीमती अर्चना सक्सेना, सर्वज्ञ श्रीवास्तव, रजनी सक्सेना, सह संयोजक गौरव कांत सक्सेना, प्रदीप कुमार सक्सेना, संजय कुमार सक्सेना, मनोज कुमार सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य नंद कुमार श्रीवास्तव, विपिन कर्ण, अनिल कुमार श्रीवास्तव, कु. प्रिया सक्सेना, श्रीमती रीना सक्सेना, डॉ रोहित रॉय, अरविंद सक्सेना, देवेश कुलश्रेष्ठ, शिवम सक्सेना, गरिमा सक्सेना, श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह से आपसी सहयोग व एकजुटता बढ़ती है –मंत्री गिरीश चंद यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा नगर दक्षिण द्वारा उमरपुर वार्ड में होली मिलन समारोह भाजपा नेता ओ पी सिंह के परिसर व भाजपा नेता पंकज श्रीवास्तव हैप्पी के आवास पर सम्पन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने किया संचालन, प्रदीप तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वत्रंत प्रभार गिरीश चन्द यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि उमरपुर वार्ड भाजपा का गढ़ माना जाता है यहां हमेशा कमल खिलता है और खिलता रहेगा इस वार्ड के भाजपा कार्यकर्ता ऊर्जावान हैं जो भाजपा को ऊँचाई पर ले जाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह से आपसी सहयोग व एकजुटता बढ़ती है। मंत्री ने कहा कि जौनपुर के विकास के लिए बहुत योजनाओं पर कार्य हो रहा है जिससे जनता को लाभ मिलेगा।नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्यासी चाहे जो हो सबको मिलकर इस बार भी उमरपुर वार्ड में कमल खिलाना हैं। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय कवि गिरीश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, व सुप्रसिद्ध गायक विजय श्रीवास्तव को मंत्री जी ने अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इन दोनों लोगो ने अपने कला के माध्यम से समारोह को हर्सोल्लास बना दिया। नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने मंत्री जी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेट किया। उक्त अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री इंजीनियर अमित कुमार श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति



सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया रामाश्रय सिंह कर्मचारी नेता व भाजपा नेता राकेश कुमार श्रीवास्तव राज कपूर श्रीवास्तव श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव सीमा तिवारी रश्मि श्रीवास्तव मनु सिंह कृष्णकांत सिंह डॉ शिव कुमार श्रीवास्तव दिवाकर दुबे भानु प्रताप सिंह सुधांशु सिंह सरोज श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार मनोज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट राजेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव सीपीन सिंह रजनीश श्रीवास्तव रामा सिंह मनोज सिंह विनोद सिंह उमेश श्रीवास्तव माया शंकर सिंह अशोक कुमार आनंद मोहन अस्थाना प्रदीप कुमार अस्थाना सुनील अस्थाना आयुष अस्थाना राजेश कनोजिया डॉक्टर कमलेश निषाद उमरपुर के सम्मानित निवासी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे सभी आए हुए अतिथियों का पंकज श्रीवास्तव हैप्पी एवं ओपी सिंह नेता ने आभार व्यक्त किया।

## प्राथमिक शिक्षा के स्तर में होगा सुधार : 44 हजार स्कूल और 75 ब्लॉक बनाए जाएंगे निपुण

लखनऊ ब्यूरो : प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए नई रणनीति बनाई गई है। अब दिसंबर तक 44 हजार प्राथमिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय का दर्जा दिया जाएगा। शिक्षक संकुलों के लिए जुलाई 2023 तक अपने स्कूलों को निपुण बनाना अनिवार्य किया गया है। यही नहीं प्रत्येक जिले में एक ब्लॉक को निपुण बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। दिसंबर तक 75 ब्लॉकों को निपुण बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। निर्देशिका में उल्लिखित अभ्यास योजना को शत–प्रतिशत कक्षाओं में लागू करना होगा। निपुण तालिका के हिसाब से स्कूल बेस्ड असेसमेंट पूर्ण करना होगा। दरअसल, स्कूलों को निपुण स्कूल बनाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। तय मानकों के अनुरूप स्कूलों की निगरानी भी की जा रही है। इसी क्रम में नवंबर–दिसंबर के बीच निपुण असेसमेंट टेस्ट–1 का आयोजन किया गया। इसमें 80 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों की उपस्थिति रही। 14 फीसदी छात्र इस टेस्ट में 90 प्रतिशत से अधिक, 21 प्रतिशत 75 से 90 प्रतिशत के बीच, 17 प्रतिशत 60 से 75 प्रतिशत अंक पाने में सफल रहे। टेस्ट में वाराणसी, हापुड़, बस्ती, जौनपुर और गौतमबुद्धनगर टॉप–5 जिले रहे। सभी छात्रों को उनके रिपोर्ट कार्ड भी प्रदान कर दिए गए हैं। दूसरे निपुण असेसमेंट का आयोजन मार्च–अप्रैल में प्रस्तावित है।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## प्रशांत श्रीवास्तव सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति के लिए किए गए पुरस्कृत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान के भौतिकी विभाग के शोधा छात्र प्रशांत श्रीवास्तव को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में 16 से 18 मार्च, 2023 को आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''स्टडी ऑफ नेनोमेटेरियल एंड साइंटिफिक डेवलपमेंट इन 21 वीं संेचुरी'' में



सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति के लिए पुरष्कृत किया गया है। प्रशांत श्रीवास्तव को यह पुरस्कार नॉन डिस्ट्रक्टिव विधि से जिंक ऑक्साइड नैनो ट्यूब के ऊपर किए गए शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया है। जिंक ऑक्साइड नैनो ट्यूब का अनुप्रयोग इंडस्ट्रीज और मेडिकल के फील्ड में जैविक संवेदक, नेनोमेडिसीन बनाने में इसकी क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इस कॉन्फ्रेंस में देश भर के विभिन्न आईआईटी, एनआईटी, विश्वविद्यालयों के 150 से अधिक प्रोफेसर्स, वैज्ञानिक और शोधार्थी शामिल हुए थे, जहां सभी कैटेगरी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति हेतु पुरस्कृत किया गया। प्रशांत श्रीवास्तव प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया संस्थान के संस्थापक निदेशक और भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार यादव के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। उनकी इस सफलता के लिए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने बधाई देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों और शोधार्थियों को रिसर्च के क्षेत्र में उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो देवराज सिंह, प्रो मानस पाण्डेय, डा गिरिधर मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार, डा सुनील कुमार, डा पुनीत धवन, डा अजीत सिंह, डा नीरज अवस्थी, डॉ नितेश जायसवाल, डा काजल डे, डा धीरेंद्र चौधरी, डा सुजीत चौरसिया, डा रामांशु प्रभाकर सिंह, डा शशिकांत, डा संदीप वर्मा व अन्य शिक्षको ने बधाई दी।।

## असामयिक वर्षा एवं चक्रवात से फसलों की हुई क्षतिपूर्ति हेतु शासन से मांगी गई रिपोर्ट

जौनपुर सू.वि. : दो दिन हुई असामयिक वर्षा एवं चक्रवात से फसलों की हुई क्षतिपूर्ति हेतु शासन से रिपोर्ट मांगी गई है। राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा आकलन कर रिपोर्ट प्रेषित करने पर सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पर विचार किया जाएगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा रमेश चंद्र यादव ने बताया कि जिन किसानों द्वारा मशीन से लाइन में बुआई कराया था उनकी फसल नही गिरी किंतु जिन किसानों द्वारा छिटकवां विधि से बुआई कराया है उनका ज्यादा नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया है उनको सुझाव दिया जाता है कि नुकसान होने के 72 घंटे के अंदर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18002660700 पर शिकायत दर्ज कराकर एक एप्लीकेशन कृषि विभाग को उपलब्ध करा दे तो उनकी फसलों का सर्वे कराकर नुकसान का मुआयना विमित किसान को उपलब्ध कराया जाएगा ।प्राथमिक अनुमान के मुताबिक जिले में लगभग 10 प्रतिशत गेहूँ तथा लगभग पांच प्रतिशत सरसों की फसल का नुकसान हुआ है। वास्तविक क्षतिपूर्ति का आकलन राजस्व विभाग द्वारा गठित टीम द्वारा कराकर शासन को प्रेषित की जाएगी।

## बीए का पेपर लेकर जा रहा वाहन डिवाइडर से टकराया : चालक की मौत

सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले के थाना रेउसा इलाके में बीए के पेपर लेकर जा रहा एक वाहन डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्यालय प्रशासन को पेपर की कस्टडी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ के थाना गोसाईगंज रकीबाबाद निवासी रामप्रसाद (45) यूनिवर्सिटी से वाहन में बीए के पेपर लेकर निकला था। सुबह के समय रेउसा कस्बे में अटल चौक के पास वाहन डिवाइडर से टकरा गया। उसमें रखे पेपरों को क्षेत्र में स्थित प्रेम प्रकाश कमला देवी डिग्री कॉलेज मे जाना था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस बल की सुरक्षा में वाहन में पेपर रखे रहे। पुलिस ने तंबौर में स्थित कृष्ण पाल सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक को मौके पर बुलाया और पेपर उनके सुपुर्द कर दिए। एसओ संतोष कुमार ने बताया पेपर को अन्य विद्यालय के प्रबंधन को सुपुर्द कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

रास्ते का हर रोड़ा एक चेतावनी है, उस चेतावनी को पढ़ना सीखो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कूटनीतिः चीनी आक्रामकता से मुकाबले की रणनीति

भारतीय सैन्य कूटनीति भारत के रणनीतिक रुख का एक बहुत ही शक्तिशाली सहायक है, लेकिन इन बारीकियों को समझाने की जरूरत है। हालांकि भारत ने अपने आर्थिक हितों और रणनीतिक उद्देश्यों को बहुत ही शानदार ढंग से दुनिया के सामने रखा है।

जब चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) की शुरुआत की गई थी, तब इसे अनिवार्य रूप से राजनयिकों में बढ़ती सैन्य व्यवस्था और व्यापक रूप से चीन की बढ़ती आर्थिक एवं सैन्य क्षमता के मद्देनजर उसकी बढ़ती शत्रुता की प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया था। हालांकि इसके केंद्र में चीनी हुकूमत द्वारा दक्षिण चीन सागर के बड़े इलाकों पर किया जा रहा दावा था, क्योंकि चीन दक्षिण चीन सागर के आसपास के कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के क्षेत्रीय अधिकारों को खत्म करना चाहता है। इस लिहाज से मौजूदा परिस्थितियों में क्वाड में भारत की बढ़ती भूमिका का एक बड़ा महत्व है।

गौरतलब है कि 2007 में पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे द्वारा ऑस्ट्रेलियाई पूर्व प्रधानमंत्री जॉन हार्वर्ड, पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी के समर्थन से चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) की स्थापना की गई थी। अमेरिका ने जब इस अभियान के नेतृत्व की भूमिका संभाली, तो उसने भारत–अमेरिका रक्षा के लिए नए फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने के साथ ही सैन्य संबंधों, रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और 'समुद्री सुरक्षा सहयोग ढांचे' की स्थापना के लिए भारत के साथ सहयोग बढ़ाया। इसके बाद भारत और अमेरिका के बीच बड़े पैमाने पर कई संयुक्त सैन्य अभ्यास हुए।

आतंकवाद और परमाणु प्रसार का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी वैश्विक रणनीति को बढ़ावा देने के लिए सहस्राब्दी की शुरुआत से ही जापान और ऑस्ट्रेलिया इस रणनीतिक गठबंधन में शामिल हो गए थे, हालांकि सहभागी देशों को कोरिया से ऑस्ट्रेलिया तक फैले प्रशांत महासागर पर रणनीतिक गारंटी की पूरी उम्मीद थी। संक्षेप में गठबंधन का बड़ा उद्देश्य समुद्री संचार मार्गों में हस्तक्षेप को रोकना था।

लेकिन 2010 से थोड़ा पहले ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पीछे हटने से यह व्यवस्था टूट गई, और शीर्ष स्तर पर संवाद की फिर से बहाली 2021 में पिछले चार वर्षों से चल रही गतिविधि के चरम पर फलीभूत हुई। क्वाड सदस्यों द्वारा एक स्पष्ट घोषणा में मुक्त हिंद–प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का उल्लेख किया और पूर्व एवं दक्षिण चीन सागर में एक नियम–आधारित समुद्री व्यवस्था की हिमायत की। उनके मुताबिक, चीनी समुद्री दावों का मुकाबला करने के लिए यह जरूरी था।

चीनी शासन ने इसका जोरदार विरोध किया था और इसे एशियाई नाटो कहा था, जो विशेष रूप से चीन का मुकाबला करने के लिए बना है। भारतीय विदेश मंत्री ने इन आरोपों का खंडन किया था, और इसे नाटो कहकर भ्रम फैलाने को झूठ करार दिया था। वर्ष 2022 में आयोजित कई कार्यकारी स्तर की बैठकों में भारतीय प्रतिनिधियों ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि क्वाड 'किसी के खिलाफ' (अर्थात चीन) नहीं है, बल्कि 'कुछ चीजों के खिलाफ' है। चीन पर नजर रखने वाले कई भारतीय प्रेक्षकों ने इसे भारतीय अभिव्यक्ति की मधुरता के रूप में देखा, जबकि कई लोगों ने सवाल उठाया कि अगर यह चीन के खिलाफ नहीं है, तो फिर इसके गठन का मकसद क्या है?

हमें चीन के साथ सीमा विवादों के समाधान के संदर्भ में भारत द्वारा सामना किए जा रहे रणनीतिक परिदृश्यों की जांच करनी चाहिए। हमें ध्यान रखना चाहिए कि चीन के साथ 1962 से चल रहे कई पुराने विवाद अभी सुलझे नहीं है, जबकि 2020 के बाद कई नए विवाद सामने आ गए हैं, जैसे गलवान की घटना। इन नए विवादों के त्वरित समाधान के लिए भारत सरकार अपने रवैये में लचीलापन व्यक्त करना चाहती है। हालांकि केंद्र सरकार के शीर्ष स्तर से यह दावा किया गया है कि भारतीय क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है। इसलिए अपने रवैये में नरमी रखते हुए भारत को एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना पड़ा।

चूंकि इधर के घटनाक्रम में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होता नहीं दिख रहा है, इसलिए भारत को दो अलग–अलग समूहों (अमेरिका एवं उसके सहयोगी और रूस एवं चीन के बीच मजबूत गठजोड़) के बीच अपनी स्थिति संतुलित करने की जरूरत थी। चूंकि भारत के आर्थिक हित और सामरिक उद्देश्य एक–दूसरे से गहराई से जुड़े थे, इसलिए संयम ही अकेला समाधान प्रतीत होता था। अतः भारत ने जोर–शोर से युद्ध की जरूरत को खारिज किया। ऐसा दृष्टिकोण भारत के व्यापक हित में है और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में इसके विकास के बाद से जारी नीतियों के अनुरूप भी है। इस संदेश का वैश्विक असर हुआ। राष्ट्र ऐसे सुविचारित रुख अपनाने के लिए जाने जाते हैं, जिसमें सभी जोखिम शामिल होते हैं, हालांकि लोकतांत्रिक देशों में रणनीतिक निर्णयों को जनता से साझा करने की आवश्यकता होती है।

दूसरी ओर भारत ने क्वाड के सदस्यों के साथ सैन्य अभ्यास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जो सही मायने में गठबंधन की रणनीतिक प्रकृति का प्रदर्शन करता है। भारत जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया के साथ–साथ प्रशांत क्षेत्र के 26 देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर चुका है। जापान ने 2022 में मालाबार नौसेना अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका की मेजबानी की। इस वर्ष मालाबार शृंखला अभ्यास की 26वीं पुनरावृत्ति है, जो अमेरिका और भारत के बीच 1992 में शुरू हुई थी। इस अभ्यास का दायरा और इसमें साझेदारी बढ़ी है, और अब इसमें जापान एवं ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्य कूटनीति भारत के रणनीतिक रुख का एक बहुत ही शक्तिशाली सहायक है, लेकिन इन बारीकियों को समझाने की जरूरत है। हालांकि भारत ने अपने आर्थिक हितों और रणनीतिक उद्देश्यों को बहुत ही शानदार ढंग से दुनिया के सामने रखा है, लेकिन बेहतर होगा कि भारत सरकार अपने रुख को थोड़ा और स्पष्ट करे। पाकिस्तान को छोड़कर सार्क के सभी सदस्य देशों के साथ भारत की नियमित पारस्परिक यात्राएं होती हैं। नेपाल के साथ हमारे संबंध बहुत खास हैं, क्योंकि पारस्परिक व्यवहार में सेना प्रमुखों को दूसरे देश में मानद पद प्राप्त होता है। भारत सार्क देशों (पाकिस्तान को छोड़कर) के जवानों के लिए सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## शिक्षा क्षेत्र में इसौली विधानसभा को प्रयागराज बनाएंगे –विधायक मोहम्मद ताहिर खान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के गनगनापुर नंदौली में स्थित होली विजन पब्लिक स्कूल परिसर में रंगारंग कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया मुख्य अतिथि सपा विधायक इसौली मोहम्मद ताहिर खान रहे कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज माबूद खान ने तिलावते कलाम ए पाक के साथ की कार्यक्रम में मुफ्ती अब्दुर रहमान ने शिक्षा पर बहुत जोर दिया उन्होंने कहा शिक्षा एक ऐसी ताकत हैजिससे बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है मसलन एक मोटरसाइकिल का मिस्त्री मित्रा नाथ सीखता है वही पॉलिटेक्निक से पढ़ा हुआ छात्र मोटरसाइकिल बनाना सीकखता है उसकी सैलरी का बहुत ही फर्क रहता है और हिंदुस्तान की तरक्की के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है जिसे हमारा मुल्क तरक्की कर सके। मुख्य अतिथि विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि इसौली विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के मामले में प्रयागराज इलाहाबाद जैसे शहरों के मुकाबले खड़ा कर दिया जाएगा जिससे इसौली विधानसभा क्षेत्र शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ सके उन्होंने कहा कि इसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए एक पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेजखोलने की मांग की हैजल्दी हीयह भी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी उन्होंने आगे कहा कि यही बच्चे आगे चलकर इंजीनियर डॉक्टर साईंसदां बनेंगे बच्चों के मनमोहक कार्यक्रम को देखकर विधायक बहुत प्रफुल्लित हुए बच्चों को इनाम व एकराम से नवाजा। होली विजन पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर



नेहाल अहमद ने कहा कि शिक्षा हमारा धर्म है विद्यालय में सभी शिक्षार्थियों को शिक्षा के प्रति हमेशा हमारा योगदान चलता रहेगा हर कोशिश संभव कोशिश की जाएगी विद्यालय को और विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ अध्यापकों का ख्याल रखा जाएगा उन्होंने कहा कि हर जात धर्म के लोगोंको मिलकर चलना चाहिए और विद्यालय में एक ऐसी छवि बनाना है जहां पर सभी धर्मों को लोगों के सम्मान रखा जाएगा इसमें कोई कोताही नहीं होगी उन्होंने सभी आए हुए मेहमानों अभिभावकों का स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर डॉक्टर जहीर खान, प्रधान बिही निदुरा श्रीपाल पासी प्रधान मोहम्मद पुरकाजी मतलूब सिद्दीकी,प्रधान बघौना जुनैद सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी,मास्टर कदीर,मास्टर शमीम, नंदौली प्रधान प्रतिनिधि गुलाम हैदर बब्बू बीडीसी तनवीर आलम,, अमानुल्लाह, बीडीसी सोनू, हसीन खान अभिभावक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के भविष्य निर्माण की नींव –संदीप सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अवध कॉलेजिएट की दरोगा खेड़ा शाखा का 31 वां वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय के प्रेक्षागृह में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संदीप सिंह बेसिक शिक्षा मंत्री , संस्थापक /प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निर्देशिका जतिंदर वालिया ,संयुक्त निदेशिका डॉक्टर ब्रहमजोत कौर एवम् विद्यालय प्रधानाचार्या इंदु चंदेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना हुई तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए ।शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि संदीप सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों के सपनो की उड़ान को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पंख दीजिए जिस से वह अपने सपनो को साकार कर सके । दरोगा खेड़ा शाखा के विद्यालय की उपलब्धियों के अंतर्गत सीबीएसई की मेरिट लिस्ट (योग्यता क्रम सूची) में इंटरमीडिएट सीबीएसई की परीक्षा में अभिषेक सिंह 95.8 % आकर्षिका सिंह 95.6% शिवांश शुक्ला 95.2% प्रियज्ञ पाण्डेय 94.8 % , आंचल यादव 80% तथा हाई स्कूल की परीक्षा में सत्र 2020–2021 में सुमन कुमारी 96.2% आयुष आर्या 95.2% प्रियांशु पाल



95% तथा सत्र 2021–22 में आयुष कुमार राय 97.6% निहारिका दीक्षित 97.6% शौर्य प्रताप सिंह 97.4 % विनय कुमार 95.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया और शिक्षा जगत में अवध कॉलिजिएट का परचम पुनः लहरा दिया। क्रमवार सीबीएसई में 97 % से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को विद्यालय के संस्थापक सर्वजीत सिंह द्वारा उनका आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने हेतु उपहार स्वरूप 6 टेबलेट, 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 मेधावी छात्रों को नगद राशि 5100 रु तथा 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 29 मेधावी छात्रों को साइकिल तथा 84% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 छात्रों को ट्राली बैग वितरित किए गए। दरोगा खेड़ा विद्यालय को शिक्षा जगत में मिलने वाला यह गौरवान्वित स्थान विद्यालय के प्रबंध तंत्र, शिक्षकगण , कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का परिणाम है। मेधावी छात्र एवं छात्राओं की माताओं का सम्मान करते हुए उन्हे विद्यालय की निर्देशिका जतिंदर वालिया द्वारा मदर क्वीन की पदवी प्रदान की गई। दरोगा खेड़ा की प्रधानाचार्या इंदु चंदेल ने अभिभावकों का आभार प्रकट किया। प्रतिभागियों ने ग्रैंड फिनाले किया तत्पश्चात वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया गया।

## किड्स फेस्ट में बच्चों ने किया धमाल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस.के.डी. एकेडमी की विक्रांत खण्ड शाखा में किड्स फेस्ट का आयोजन कराया गया। इस फेस्ट में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें भाग लेने हेतु निःशुल्क एन्ट्री थी। जिसकी वजह से 300 – 400 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। फेस्ट में सभी उम्र के बच्चे एवं माता पिता के लिए फन गेम्स कराये गये। बेवी शो में बच्चे खूब थिरके और तोतली आवाज में गाने गाये एवं कुछ ने कविता भी सुनाई। माँ बेटी एवं पिता पुत्र ने खूब सुन्दर नृत्य का प्रदर्शन कर मनमोह लिया। वेस्ट सामग्री से सुन्दर कलाकृतियाँ बनाकर लाये अभिभावकों को कई प्रकार के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस फेस्ट में संस्था के चेयरमैन एसकेडी सिंह, निदेशक मनीष सिंह, उपनिदेशक निशा सिंह, सह निदेशक कुसुम बत्रा ने प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारम्भ किया साथ ही शाखा के प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। एसकेडी




सिंह एवं मनीष सिंह जी ने बताया कि हमारी संस्था एसकेडी ग्रुप में समय–समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं और आगे भी होते रहेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों और उनके माता पिता में प्रेम और सहयोग की भावना का विकास होता है।

## लखनऊ पब्लिक कॉलेज में प्री प्राइमरी विंग का किया गया उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी –ब्लॉक , राजाजीपुरम में प्री प्राइमरी विंग का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आशुतोष निरंजन , (आई.ए.एस.) विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बृजेंद्र सिंह, डीन, फैकेल्टी आफ साइंस, लखनऊ विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा प्री– प्राइमरी विंग का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया । इस अवसर पर



संस्थापक –महाप्रबंधक डॉ. एस. पी. सिंह, निदेशक हर्षित सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार, शिक्षक– शिक्षिकाएं बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया। इसमें बिटिया के जन्म पर कार्यक्रम का आयोजन कर मिठाई का वितरण किया गया ।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की मुहिम के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। सरकार बेटियों को लेकर गंभीर है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक पर नजर है। कन्या सुमंगला योजना से बेटियों की शिक्षा को लेकर भविष्य सुरक्षित हो रहा है ।एसडीएम महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने जन्म लेने के 24 घंटे के भीतर 18 बेटियों की मां को बधाई पत्र व वस्त्र देते हुए मिठाई



दी। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी वीपी वर्मा,ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह,चिकित्सा प्रभारी बल्दीराय डॉ राजेश कुमार,जिला पंचायत सदस्य नरेश चन्द्र उपाध्याय दीपू,जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गोमती मित्र मंडल समिति का होली मिलन समारोह संपन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : धूमधाम से आयोजित हुआ गोमती मित्र मंडल समिति बल्दीराय इकाई का होली मिलन समारोह कार्यक्रम बल्दीराय ब्लाक के जय मां विंध्यादीन शिक्षण संस्थान पूर्व माध्यमिक संस्कृत विद्यालय हीरा नगर विरधौरा के प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन भैया वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि बल्दीराय इकाई द्वारा किया गया होली मिलन समारोह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा इसी तरह प्रेम भाव से प्रत्येक कार्य करें लोगों की पहचान उनकी पद धन से नहीं अच्छे कर्मों से होती है। गोमती मित्र मंडल समिति में कोई छोटा बड़ा नहीं है। सब एक समान हैं ।अच्छे कर्म करें बड़ा से बड़ा सम्मान स्वम मिलेगा साथ ही मां विद्या दीन शिक्षण संस्थान का हर संभव हर स्तर से मदद किया जाएगा जब विद्यालय समाज के लिए चलने लगे तो वह पूरे समाज का हो जाता है ।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष को गोमती मित्र मंडल बल्दीराय इकाई के परिवारजनों ने पुष्पगुच्छ देते हुए फूल माला अर्पण कर एक दूसरे को स्वागत सम्मान किया वहीं अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की हार्दिक बधाई दिए कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध कवि पुष्कर अग्रहरी सुल्तानपुरी कर्म राज शर्मा तुकांत, प्रखर द्विवेदी द्वारा अनेकों कविताएं प्रस्तुत की जिसका लुफ्त उपस्थित लोगों ने ताली बजाते हुए उठाया मां विंध्या दीन शिक्षण संस्थान को गोमती मित्र मंडल के प्रबंधकधजिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव ने अपने वक्तब के माध्यम से जानकारी दिया कि पक्की सड़क से विद्यालय परिसर तक 100 मीटर सीसी सड़क मेरे निधि से दिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा जिसका स्वागत विद्यालय के प्रबंधक शीतला दीन गुप्ता सहित



उपस्थित लोगों ने किया इस अवसर पर जनपद से आए गोमती मित्र मंडल के वरिष्ठ सहयोगी प्रधान संतकुमार जी अजय प्रताप सिंह पत्रकार छछज्ट भारत जसजीत गौड़ जी, बल्दीराय गोमती मित्र मंडल समिति इकाई के संरक्षक/ वरिष्ठ समाजसेवी सैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बजरंग सिंह रामबरन बर्मा ,(सेवानिवृत्त कर्मचारी एनडी एनवटी कुमारगंज अयोध्या) प्रधान संघ बल्दीराय के अध्यक्ष एवं अरवल ग्राम सभा के प्रधान बलराम यादव उर्फ दादा ,प्रबंधक जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, डॉक्टर सूरज बैशय, श्याम सुंदर वर्मा, उपाध्यक्ष रामसुभावन यादव उपप्रबंधक रंजीत यादव, सचिव अमित श्रीवास्तव सहसचिव बृजनाथ यादव युवा मंडल के अखिलेश यादव हंस राम यादव अखिलेश मौर्या दिनेश वर्मा अनिल वर्मा सत्यप्रकाश वर्मा विद्यालय के प्रबंधक शीतलादीन गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार इम्तियाज अहमद, सुहेल खान, जितेंद्र शर्मा पिंटू सिंह सुनील सिंह चंदन वर्मा, श्याम मिलन गुप्ता गोमती मित्र मंडल समिति परिवार बल्दीराय इकाई के वरिष्ठ सदस्य राम यादव अध्यक्ष बब्बन वर्मा, के साथ शिक्षक शिक्षिकाए एवं नन्हे–मुन्ने बच्चें उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विशाल जयसवाल उर्फ छोटू ने किया।

## स्टडी हॉल जूनियर विभाग द्वारा आयोजित "हुनर मेला" मे बच्चों एवं उनके माता पिता ने प्रदर्शित किया अपना हुनर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः स्टडी हॉल जूनियर विभाग द्वारा आयोजित "हुनर मेला" 20 मार्च 2023 को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माता–पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों का एक साथ एक मंच पर आकर अपने हुनर को उत्साह के साथ प्रदर्शित करना था। इसमें कक्षा 1 से 5 तक व दोस्ती(शेफ की विशेष बच्चों की इकाई)के बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी बहादुर ने स्वरचित कविता पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मेले में गायन ,अभिनय ,कहानी, नृत्य, नॉन फ्लैम कुकिंग जैसे कई कौशलों को रचनात्मक ढंग से प्रदर्शित किया गया ।जूनियर स्कूल की प्रधानाध्यापिका बानी मल्होत्रा के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम



सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।इस हुनर मेले के पीछे अध्यापिकाओ का उत्साह व परिश्रम परिलक्षित हो रहा था।

## यूथ–20 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में शिवांगी पाण्डेय एवं रजत मिश्र हरदोई का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया है कि जी 20 कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूथ 20 का आयोजन किया जा रहा है। यूथ–20 के अन्तर्गत भारत का मुख्य उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक साथ लाना और बेहतर कल के लिए विचारों पर चर्चा करना और काम के लिए एक एजेंडा तैयार करना है। भारत की अध्यक्षता के दौरान Y20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैश्विक युवा नेतृत्व और साझेदारी पर केंद्रित होंगी। यूथ–20 (Y20) जी–20 का आधिकारिक युवा जुड़ाव समूह है। यह एक मंच प्रदान करता है जो युवाओं को ल्20 प्राथमिकताओं पर अपनी दृष्टि और विचार व्यक्त करने की अनुमति देता है। यूथ–20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से देशभर के विभिन्न महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में चयनित युवाओं के द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गये विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 'हेल्थ वेलबींग एंड स्पोर्ट्स एजेंडा फॉर यूथ' की थीम पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 24 मार्च 2023 को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं 'काम का भविष्य उद्योग 4.0 नवाचार, 21वीं सदी का कौशल' थीम पर उत्तर भारत का मैनचेस्टर कहे जाने वाले कानपुर में स्थित भारतीय प्रद्योगिकी संस्थान, कानपुर में Y–20 के अंतर्गत आयोजित होने वाले



कार्यक्रम में जनपद के 2–2 युवा सम्मिलित होंगे। 24 मार्च 2023 को Y20 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में शिवांगी पाण्डेय एवं रजत मिश्र जनपद हरदोई का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के कुल 150 प्रतिभागी जिनमे 75 युवा एवं 75 युवती सम्मिलित होंगी, उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव युवा कल्याण एवं खेल विभाग डॉ. नवनीत सहगल के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन एवं नियोजन किया जा रहा है । 75 पुरुष युवाओं को जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र, चौक, लखनऊ एवं 75 चयनित महिला प्रतिभागियों को युवा आवास, आलमबाग, लखनऊ में रहने–खाने की समुचित व्यवस्था की गयी है, इन प्रतिभागियों को युवा कल्याण विभाग द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा ।

# सहयोग की भावना स्वयं में विकसित करें बच्चे —डॉ अंजना सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सल्तनत बहादुर महविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अंजना सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं और सहयोग और समर्पण की भावना स्वयं में विकसित करें और लोगों को जागरुक करने का कार्य करें ! मलिन बस्तियों में शिक्षा स्वास्थ्य और स्वयं वृक्षारोपण करके लोगों को जागरूक करें उन्होंने कहा कि कम से कम एक पौधा सभी बच्चे अपने जन्मदिवस पर लगाएं जिससे कि आने वाली हमारी पीढ़ी स्वास्थ्य लाभ के साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सके पूर्ण डॉ अंजना सिंह के उत्साहवर्धक उद्बोधन से से बच्चों में काफी जोश दिखा बच्चों ने तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया इस अवसर पर बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए डॉ रमेश सिंह ने कहा कि बच्चे अपने अंदर धर्म और संस्कृति के प्रति भी आस्था और विश्वास बनाए रखें। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और समाज में इन बच्चों की सहभागिता सर्वोपरि है । सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर के स्वयं सेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक' श्री राम जानकी मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज के तत्वावधान में चल रहे विशेष साप्ताहिक शिविर के छठवें दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया। रैली शिविर स्थल से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए बदलापुर चौराहे तक गई और वाहन चालको को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पुनः शिविर स्थल वापस आ गई । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र



में बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अंजना सिंह प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय हिन्दू भगवान वाहिनी, डॉ रमेश सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू भगवा वाहिनी एवं डॉ संतोष कुमार पांडेय ( पूर्व दलनायक राजपथ परेड), विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ब्रजेश मिश्रा तथा संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जोरावर सिंह ने किया। डॉ पवन कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मुमताज अहमद अंसारी ने आभार ज्ञापित किया।सुश्री तमन्ना नाज, डॉ अशेष उपाध्याय, श्री शैलेंद्र सिंह संगठन महामंत्री हिन्दू भगवा वाहिनी उत्तर प्रदेश, विजय प्रकाश, बृजमोहन गुप्ता, सत्यम मौर्या, शैलेंद्र, काजल, रूपा, शुभम पांडेय आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सुषमा स्वराज सम्मान योजना अंतर्गत महिलाओं को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा महिला मोर्चा जौनपुर द्वारा सुषमा स्वराज सम्मान का कार्यक्रम महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह के अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रही। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एव जिलाध्यक्ष ने सयुक्त रूप से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में अलग—अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में पहला नाम राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी और शिक्षिका के रूप में समाज में निरंतर काम करने वाली बंदना सरकार एवं शिक्षिका डा. उषा सिंह और ममता सिंह को सम्मानित किया गया। सखी वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता जो समाज के विभिन्न वर्गों में बढ़ चढ़कर कार्य करने वाली है उनको सम्मानित किया गया और महिलाओं के कार्य में सदा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली शिवानी यादव और साधना सिंह जो कि शिक्षिका है उनको भी सम्मानित किया गया, साधना खरवार जो कि मशरूम की खेती कर समाज में रोजगार का अवसर प्रदान करती हैं उनको सम्मानित किया गया, शिखा मौर्या ने लगभग 300 से ज्यादा समूह का संचालन कर चुकी है ऐसी सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती शशि मौर्या ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुये कही कि स्वर्गीय सुषमा स्वराज महिलाओ की प्रेरणा स्रोत रही हैं उनमें सेवा भाव कूट—कूट कर भरा हुआ था उनके नाम से आज महिलाओं को अवॉर्ड दिया जा रहा है। भाजपा का मकसद बेटियों को देश के अग्रणी भूमिका में लाना है आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर राष्ट्रपति के पद पर भी एक महिला ही आसीन है। उन्होंने



कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया, जिससे समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। आज देश मे बेटियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस अभियान को सशक्त बनाने के लिए कन्या समृद्धि योजना चलाई गई है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुनीता सिंह ने कहा कि पुर्व मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रही स्व. सुषमा स्वराज महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं और इसी को देखते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उनके नाम पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अवार्ड दिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र और समाज में उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार से सम्मानित किया गया ताकि उनको प्रेरणा के साथ ही प्रोत्साहन भी मिल सके भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए देश में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं खेल से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल सके इसलिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नौकरियों में महिलाओं को 30: का आरक्षण हो या फिर महिला उत्थान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने हों, भाजपा सरकार लगातार यह काम करती आ रही है। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, ममता गिरी, जिला मंत्री अंशु कुशवाहा, चेतना श्रीवास्तव, करुणा मौर्या और मंडल के सभी पदाधिकारी बहनों की उपस्थिति रही।

## आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेस्टोरेन्ट में अवैध रूप से मदिरा पान कराये जाने का किया गया पर्दाफाश

जौनपुर सू.वि. : जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि 19 मार्च 2023 को रात्रि में प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उत्सव मोटल एण्ड चटोरी रेस्टोरेन्ट, जौनपुर में आकस्मिक छापेमारी की गयी, जिसमें रेस्टोरेन्ट प्रबन्धक बृजेश शुक्ला पुत्र हिन्चा प्रसाद शुक्ला नि0— 332 सोबतियाबाग, जार्जटाउन, प्रयागराज उ0प्र0 द्वारा अशलील नृत्य के दौरान उपस्थित ग्राहकों को शराब परोसी/पिलायी जा रही थी। उक्त व्यक्ति के कब्जे से 1.5 बोतल (750 एम0एल0), ब्राण्ड—ब्लैन्डर्स प्राइड एक्सक्यूजिव प्रीमियम व्हिस्की तथा हाल मे लगे मेजों पर से 06 ब्लैन्डर्स प्राइड की उपभोग किया हुआ खाली बोतल, 04 गोल्फर शाट की उपभोग किया हुआ खाली बोतल, 07 किंगफिशर ब्राण्ड की उपभोग किया हुआ खाली केन बरामद हुआ। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस मय हमराहियों द्वारा उक्त बरामदगी के उपरान्त स्थानीय थाना—लाइनबाजार, जौनपुर में उ0प्र0 रेस्टोरेन्ट (मदिरा का उपभोग) नियमावली 1952 का नियम—10 सपठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम—1910 की धारा 60, 71 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उत्सव मोटल/चटोरी रेस्टोरेन्ट के विरूद्व कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। आबकारी विभाग द्वारा जिलाधिकारी, जौनपुर की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न रेस्टोरेन्ट संचालकों, होटल मालिकों, मैरेजहाल संचालकों के साथ हुई बैठक में विभिन्न आयोजनों में मदिरा उपभोग के लिए नियमानुसार आन—लाइन प्रक्रिया से निर्धारित शुल्क जमा कर ओकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था। इसके अलावा विभिन्न समाचार पत्रों में अपील/ चेतावनी के माध्यम से समस्त संबंधित को किसी भी समारोह में ओकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही मदिरा उपभोग के लिए विज्ञप्ति जारी की गयी हैं। जनपद में संचालित समस्त होटलों/ रेस्टोरेन्ट/ मैरेज हाल एवं अन्य स्थल जहॉ पर मदिरा के उपभोग की सम्भावना हो सकती है, पर आबकारी विभाग द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। यदि किसी भी स्थल पर बिना ओकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त किये अनाधिकृत रूप में मदिरा का उपभोग करता पाया गया तो संबंधित के विरूद्व एफ0आई0आर0 पंजीकृत कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## अटेवा ने सांसद श्याम सिंह यादव को दिया बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा ने श्याम सिंह यादव सांसद को उत्तर प्रदेशीय ओलंपिक संघ का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बुके देकर बधाई दिया और उम्मीद व्यक्त किया कि सांसद द्वारा पेंशन मुद्दे को सदन में



पूरे दमखम के साथ रखा जाता रहेगा। इस अवसर पर जिला संयोजक चन्दन सिंह, मीडिया प्रभारी इन्दु प्रकाश यादव, जिला संगठन मंत्री सुभाष सरोज एवं सन्दीप यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी नन्द लाल पुष्पक, उपाध्यक्ष मड़ियाहूं यादवेन्द्र यादव, अटेवा बरसठी से विनोद यादव सहित अन्य अटेवियन साथी उपस्थित रहे।

# रामपुर जौनपुर में मेगा कैंप द्वारा सैकड़ों लोगों का बनाया गया गोल्डेन कार्ड

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : रामपुर क्षेत्र के पट्टीजियाराय सामुदायिक भवन पर दिनांक 20—03—2023 दिन सोमवार को स्वास्थ्य विभाग टीम रामपुर व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मे आयुष्मान भारत ''प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनवाने हेतु



आयुष्मान मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें रामपुर ब्लाक के स्वास्थ्य प्रभारी प्रभात यादव और सहायक विकास अधिकारी द्वारा गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिये आयुष्मान मेगा कैम्प आयोजित करने मे सहयोग किया गया । उन्होंने बताया कि ये कैम्प विशेष रूप से वंचित समुदाय व मुसहर समुदाय के कार्ड बनवाकर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में आयुष्मान योजना के लाभ के विषय में विस्तार से बताया कि आयुष्मान कार्ड से किस अस्पताल में किन बिमारियों का इलाज होगा। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से ब्रिजेश कुमार द्वारा आयुष्मान योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 2018 में आरम्भ किया गया। इस योजना के माध्यम से जिनके पास आयुष्मान कार्ड है 5 लाख का इलाज कराया जा सकता है। कार्यक्रम में पट्टीजियाराय क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों के लाभार्थी जिनका नाम सुची में है और अन्तोदय कार्ड है उनका कार्ड बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान कलावती सिंह व ललित सिंह के द्वारा मेगा कैम्प के स्थानीय व्यवस्था मे भी सहयोग रहा। और इस मेगा कैम्प को सफल बनाने में विभिन्न सामुदायिक निगरानी समिति लीडर्स संजय वनवासी, रंगीले, मीला, माला, के द्वारा ग्राउंड स्तर पर वनवासी समुदाय में अभीप्रेरित किया गया।जिसके माध्यम से 1100 से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना के बारे में जागरूक किया गया। व 450 से अधिक लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया व पहले से बने 280 कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम में सुरेश कुमार के द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभ के बारे में बताया गया ।आयुष्मान मेगा कैम्प मे आये हुये आयुष्मान मित्र दिनेश कुमार, ऋषि कांत और पंचायत सहायक संतोष कुमार, रविकुमार, धीरज पटेल, आनन्द कुमार इत्यादि लोग तकनीकी सेवा प्रदान किये। इस दौरान जूही ,अजय कुमार यादव, मनोज कुमार पाल, मुकेश कुमार ,संगीता मिश्रा, लक्ष्मी, विजय , संजय ,पूनम, पूजा, जयशंकर,रीता पाल, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# संतोष सिंह बने कुहिया के सभापति सावित्री संचालक

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : साधन सहकारी समिति कुहिया के चुनाव कराया गया ।जिसमें संतोष कुमार सिंह निर्विरोध सभापति चुने गए ।वहीं सावित्री यादव संचालक पद पर जीत दर्ज किया । बता दें कि साधन सहकारी समिति कुहिया का चुनाव काफी गहमागहमी के बीच हुआ। जिसमें चुनाव में एक दर्जन प्रत्याशियों



ने हिस्सा लिया । सभापति पद पर राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्चू के भाई संतोष कुमार सिंह को निर्विरोध सभापति चुना गया ।जबकि उपसभापति मुरली विन्द निर्वाचित हुए ।वही संचालक पदों पर चुनाव हुआ। एक दर्जन प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया । काफी गहमागहमी के बीच चुनाव संपन्न होने के बाद संचालक पद पर जर्रों की निवासी सावित्री यादव ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की। इसके अलावा अफलेपुर के अजीत यादव , वानारासी प्रजापति जर्रों , राजकुमार खजूरा से, कुहिया के ओमप्रकाश तिवारी, अशोक यादव, बरगांव के सरोज सिंह ने संचालक पद पर चुनाव जीत दर्ज की। मौके पर लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री के प्रतिनिधि भाजपा नेता अजय सिंह खरचू ,बबलू यादव सारंग, रितेश सिंह, संजय सिंह ,धर्मेंद्र सिंह, संजीव सिंह, अमित सिंह ,समर बहादुर प्रधान ,रवि सिंह ,रामसहाय सिंह मौजूद रहे।

## मंत्री गिरीश चंद्र यादव एवं कुँवर हरिबंश सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया शाहगंज महोत्सव एवं मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का उद्घाटन

जौनपुर सू.वि. : रामलीला मैदान शाहगंज में शाहगंज महोत्सव एवं मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मा० राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव एवं पूर्व सांसद प्रतापगढ़ श्री कुँवर हरिबंश सिंह के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मा० राज्यमंत्री एवं पूर्व सांसद जी द्वारा उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, उद्यान, कृषि, लघु सिंचाई, आपूर्ति विभाग, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण, प्रोबेशन, श्रम, पशुपालन, बाल विकास, स्वतः रोजगार, कौशल विकास मिशन, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य, पंचायती राज, जल निगम, आवास, मनरेगा, बैंक, कौशल विकास द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गिरीश चन्द्र यादव जी ने कहा कि शाहगंज महोत्सव मा० विधायक शाहगंज रमेश सिंह द्वारा यह नेक पहल है, शाहगंज महोत्सव को धूमधाम से मनाये। उन्होंने कहा कि सैकड़ों की संख्या में सामूहिक विवाह कराये गए विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई जिसके लिए प्रशासन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों योजनाओं का लाभ स्टाल के माध्यम से लोगों को दिया गया। मा० विधायक श्री रमेश सिंह द्वारा विधानसभा में चतुर्मुखी विकास किया जा रहा है। इसमें शाहगंज की जनता का भी भरपूर सहयोग है। महोत्सव में लगभग 501 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की



जानकारी दी गयी और मौके पर पंजीकरण कराया गया। सेवायोजन विभाग एवं कौशल विकास मिशन, सरकारी बैंक उद्योग विभाग एवं खादी ग्राम उद्योग द्वारा आयोजित रोजगार मेले में 15 से अधिक निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 248 युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश श्री दयाशंकर मिश्र (दयालू) जी उपस्थित रहे। उन्होंने सफाई कर्मी, किसान और पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मा0 विधायक बदलापुर श्री रमेश मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधिगण जिलाध्यक्ष सदर श्री पुष्पराज, जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाल शर्मा, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामदरस यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिशेखर, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव सहित उपस्थित सभी ने वर बधुओं को शुभकामना दिया।

# सरकार सबका साथ—सबका विकास—सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है —कैबिनेट मंत्री

जौनपुर सू.वि. : मा० राष्ट्रीय अध्यक्ष, निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) उ०प्र० डॉ० संजय कुमार निषाद जी जनपद जौनपुर के इमलोपट्टी, जफराबाद में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी सरकार सबका साथ—सबका विकास—सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की नीति है कि गाँव के गरीब के साथ साथ हर धर्म और वर्ग का विकास है। श्री निषाद जी ने बताया कि जिस मछुआ समाज को पूर्व की सरकारें अछूत समझती थी आज उसका ख्याल राखमे के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार कर रही है, पिछले बजट में 20 हजार करोड़ ब्लू रेवोल्यूशन के नाम पर मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रावधान किया है और बीते दिन में पास हुए बजट में मछुआ समाज के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर मछुआ समाज को विकास के क्रम में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निषाद राज जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर मछुआ समाज का मान बढ़ाया जा रहा है। श्री निषाद जी ने अपने विभाग से संबंधित बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत होल सेल फिश मार्केट के लिये रू० 257 करोड़ 50 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित है, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत रु० 10 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु रू० 5 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। श्री निषाद जी ने बताया कि प्रदेश सरकार 22—2023 वित्त वर्ष में सभी मछुआरों को मत्स्य पालक कल्याण कोष से निम्न मदों में सहायता प्रदान की जा रही है। मत्स्य पालक/मछुआरा बाहुल्य ग्रामों में अवसंरचनात्मक (बारात घर) सुविधाओं की स्थापना, जिसमें सामुदायिक भवन का निर्माण भी सम्मिलित है— दैवीय आपदाओं से हुई किसी क्षति की स्थिति में मत्स्य पालक/मछुआरा परिवार को वित्तीय सहायता का उपबंध कराना। वैवाहिक सहायता। शिक्षा हेतु सहायता (कोचिंग, कौशल उन्नयन, छात्रवृत्ति आदि), चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था सहायता, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल



एवं धनराशि के अनुसार एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता की भी अनुज्ञा प्रदान की जायेगी, उच्च तकनीकी ज्ञान प्रदान करने, अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास प्रदर्शनी और सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकों/मछुआरों के प्रशिक्षण/भ्रमण पर कुल कोष का दो प्रतिशत तक व्यय, मत्स्य पालक/मछुआ परिवारों की महिलाओं को सशक्त करना, मछली पकड़ने के जाल/उपकरणों की सुविधा की व्यवस्था करना और मछली विक्रय हेतु मोपेड आइस बाक्स आदि उपलब्ध कराना, मत्स्य सम्बन्धी अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक बैंक ऋण/मत्स्य पालक क्रेडिट कार्ड हेतु ब्याज पर आर्थिक सहायता। आर्थिक सहायता की दरें उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के विनिश्चय के अनुसार होगी, जल जीव पालन सम्बन्धी गतिविधियों हेतु विद्युत पर राज्य—सहायता। इस वित्तीय वर्ष 2022—23 में बहुत ही कम समय शेष रहने के कारण मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत प्रथम चरण में निम्न 05 कार्यक्रमों /परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा, जिस हेतु दिशा—निर्देश निर्गत किये जा रहे हैं:— मत्स्य पालक/मछुआरा बाहुल्य ग्रामों में ऐसी अवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना, जिसमें सामुदायिक भवन का निर्माण भी सम्मिलित है। दैवीय आपदाओं से हुई किसी क्षति की स्थिति में मत्स्य पालक/मछुआरा परिवार को वित्तीय सहायता का उपबंध कराना, चिकित्सा सहायता, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल एवं धनराशि के अनुसार एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता की भी अनुज्ञा प्रदान की जाएगी, उच्च तकनीकी ज्ञान प्रदान करने, अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास प्रदर्शनी और सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकों/मछुआरों के प्रशिक्षण/भ्रमण पर कुल कोष का दो प्रतिशत तक व्यय मछुआ कल्याण कोष से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार मछुआ समाज के सर्वागीण विकास के लिए उचित कदम उठा रही है।

## 2024 में भी मौका परस्त विपक्षी दलों के मंसूबों को नाकाम करेगी जनता —प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि कुछ मौका परस्त और स्वार्थी दल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के सपने देख रहे हैं। लेकिन, देश व प्रदेश की जनता 2014, 2017, 2019 और 2022 की तरह 2024 में भी इनके मंसूबों को नाकाम करेगी। चौधरी ने बयान जारी कर कहा कि इन दलों ने पहले भी तीन चुनावों में स्वार्थ और सत्ता के लिए चुनावी गठबंधन किए थे। चुनाव में असफल होने पर अपनी राह अलग कर ली। जिन लोगों ने यूपी में अपनी जमीन खो दी है वो अब दूसरे राज्यों में भाजपा को हराने के लिए अन्य दलों की बैसाखी का सहारा तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश की जनता ऐसे लोगों का असली रूप देख चुकी है। चौधरी ने सपा पर आरोप लगाया कि वह एक बार फिर से जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति के सहारे चुनाव में जीत की योजनाएं बना रही है। सपा इस सच को स्वीकार नहीं कर पा रही कि देश में नरेन्द्र मोदी



का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा सपा सरकार में देश में उत्तर प्रदेश की पहचान भ्रष्टाचार और अपराध की राजधानी के रूप में बन गई थी। जनता अब तक सपा सरकार के कुशासन को भूली नहीं है।

# निकायों वार्डों में अध्यक्ष और कमेटियों का किया जाएगा गठन –संजीव निगम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। जिला अध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने प्रेसवार्ता कर कहा कि निकाय चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी, निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी विजयी होता है तो हम हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ करेंगे साथ ही शहर मे सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी स उन्होंने कहा देश की जनता ने प्रधानमंत्री के चुनाव में नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को मौका दिया। क्योंकि निकाय चुनाव का मुख्य मुद्दा साफ सफाई का होता है जिसे झाडू वाले ही कर सकते है हमारा चुनाव चिन्ह ही झाडू है इसलिए हमे पूरा भरोसा है कि इस चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी।प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि आज देश की जनता अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित है और यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने तीन बार अरविंद केजरीवाल को चुना क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल का शिक्षा, स्वास्थ्य , चिकित्सा, यातायात, बिजली–पानी का मॉडल पसंद आया और इन्हीं मुद्दों पर जनता ने पंजाब की कमान भी आम आदमी पार्टी को सौंप दी स जिला प्रभारी संजीव निगम ने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश के 762 नगर निकायों में से 633 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी ने अपने प्रभारी घोषित कर दिए हैं। जिनमे हमारे जिले अयोध्या में अयोध्या नगर निगम प्रभारी जुल्फकार अली उर्फ सूरज प्रधान को निकाय प्रभारी व रूदौली नगर पालिका में मो अफजल को निकाय प्रभारी तथा नगर पंचायतो में बीकापुर में विनोद कुमार को प्रभारी तथा कुमार गंज में नरेश प्रजापति को निकाय प्रभारी बनाए जा चुके हैं स इस मौके पर मिल्कीपुर प्रभारी हर्षवर्धन कोरी प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ महासचिव इसराइल घोसी सुनील मौर्या महासचिव इंद्रजीत यादव एडवोकेट संदीप पटेल गुड़िया राईन शारजहां मास्टर आसिफ सिद्दीकी प्रभुनाथ पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया एथलेटिक्स पुरूष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय को मिला गोल्ड

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी रिषभ ऋषिवर ने लम्बी कूद प्रतियोगिता में 7.72 मीटर छलांग लगा कर विश्वविद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाया। तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में गुरूवार को आयोजित ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स पुरुष महिला प्रतियोगिता में रिषभ ने गोल्ड जीतकर खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वही दूसरी ओर इसी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के पॉच अन्य खिलाडियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया। खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने वालो में 10000 मीटर महिला दौड़ में ममता राजभर, 1500 मीटर पुरुष दौड़ में सूर्य प्रकाश, 1500 मीटर महिला दौड़ में ममता पाल, हैमर थ्रो पुरुष में उपदेश सिंह एवं बबली वर्मा ने 3000 मीटर स्टीपल चेज महिला दौड़ में शानदार खेल प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में टीम के साथ टीम मेनेजर डॉ. सतीश श्रीवास्तव, डॉ. मनोज एवं कोच डॉ. मनीष सिंह, नीरज पटेल रहे। ऑल इंडिया एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता में खिलाड़ियो के खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उनके खेल के प्रति समर्पण एवं लगन का प्रतिफल है। खिलाड़ियों ने अवध विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह, प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों के साथ पूरी टीम को बधाई दी। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, मुख्य नियंता प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव उमानाथ, प्रो. एस. एन. शुक्ला, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वी. पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ अनिल मिश्रा, डॉ. अर्जुन सिंह सहित अन्य खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# अयोध्या : सड़क दुर्घटना में इंस्पेक्टर की मां की हुई मौत



अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। नाका देवकाली हाईवे पर साईं दाता कुटिया के पास हाईवे पर अव्यवस्थित रूप से ट्रकों के आवागमन से महिला की मौत हो गई। नाका के हनुमत नगर निवासी काली प्रसाद पांडेय अपनी पत्नी को दर्शन नगर हॉस्पिटल मोटरसाइकिल से दिखाने ले जा रहे थे, डिवाइडर के पास मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी शांति देवी को बिठाए हुए खड़े थे, जहां पर गलत दिशा से यूपी 78 बीटी 8104 नंबर का टैंकर आकर कुचल दिया जिसमें काली प्रसाद पांडेय हनुमत नगर नाका निवासी साफ–साफ तो बच गये लेकिन उनकी पत्नी शांति देवी की कुचलकर मृत्यु हो गई।काली प्रसाद पांडेय बताते हैं उनके दो पुत्र हैं एक पुत्र उत्तरप्रदेश राज्यपाल की सुरक्षा में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

# पुरानी पेंशन को लेकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी एकजुट : 21 मार्च को जनपद मुख्यालयों पर होगा बड़ा प्रदर्शन

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : 20 मार्च लेकर पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को लेकर व्यापक रणनीति बनाई है। आन्दोलन को धार देने के लिए रेलवे, डाक, आयकर, पासपोर्ट, आकाशवाणी, दूरदर्शन, के साथ लेकर राज्य कर्मचारी संगठनों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, उघान, सिंचाई, परिवहन, कोषागार, निबंधन, लोकनिर्माण विभाग, कृषि, मण्डी, प्रदूषण नियंत्रण, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अल्प बचत, रजिष्टार चिटफण्ड, श्रम, शिक्षा, राजस्व, ग्राम विकास, ग्राम पंचायत, सफाई कर्मचारी, आईटीआई, बाल विकास पुष्टाहार, खाद्य रसद, सहित सैकड़ों विभाग के सेवा संगठनों ने मिलकर 21 जनवरी को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरानरी पेंशन बहाली के लिए आन्दोलन की रूपरेखा बनाई थी। नई पेंशन योजना वापस लेने एवं पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले राष्ट्र व्यापी आन्दोलन का निर्णय लिया जा चुका है। इसी क्रम में 21 मार्च को जनपद मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जा रहा है। लखनऊ में यह प्रदर्शन कर्मचारी प्रेरणा स्थल डीएम आवास के सामने किया जाएगा। राज्य कर्मचारियों, शिक्षको नरे एक साथ मिलकर अब केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों को भी अपने साथ प्रेस वार्ता में केन्द्रीय कर्मचारी संगठन रेलवे के आर.के. पाण्डेय, परिषद से हरिकिशोर तिवारी, शिवबरन सिंह यादव, ने बताया कि 2004 से नव परिभाषित अंशदान पेंशन योजना से पूरे कर्मचारी, शिक्षक समाज का भविष्य अंधकार मय हो गया है। कई बार उच्च स्तरीय बैठक पर नई पेंशन योजना का हर स्थिति में विरोध दर्ज कराया गया लेकिन सरकार ने अब तक ध्यान नही दिया। परिणाम स्वरूप एक राष्ट्व्यापी मंच का गठन कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए एक निर्णायक आन्दोलन की शुरूआत की जा रही है। पोस्टल आर्डर के शत्रुहन यादव ने पुरानी पेंशन के मामले में सरकार का ध्यान आकृषित कराते हुए कहा कि कर्मचारी शिक्षक समाज को हर हाल में पुरानी पेंशन बहाली चाहिए। परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कर्मचारियों और शिक्षक के फण्ड का पैसा शेयर बाजार में लगाए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए इससे होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने तर्क से साथ कहा कि पुरानी पेंशन बहाली से सरकार के ऊपर कोई फर्क नही पड़ने वाला।




जनवरी 2044 से केन्द्रीय कर्मचारियो तथा अप्रैल 2005 से उ0प्र0 ने नई पेंशन योजना को यह कहकर लागू कर दिया था कि प्रस्तावित नई व्यवस्था भी पुरानी पेंशन जैसी होगी। कर्मचारियों को कोई नुकसान नही होगा। किन्तु इतने दिनों में यह बॉत सिद्ध नही हो पाई। उल्टे सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिकों को 2000 से 5000 हजार तक ही पेंशन राशि मिल पा रही है। उदाहरण देते हुए बताया गया कि सिंचाई विभाग उ.प्र. बाबू लाल, अरूण त्रिपाठी, प्रेमबाबू, शीतलाबक्स सिंह और गजानन्द पाण्डेय को नई पेंशन के तह्त शुन्य है। जबकि रेलव से सेवानिवृत्त आर. रामचन्द्रन और के. भास्कर राव को क्रमशः 2417 रूपये और 2506 रूपये मात्र पेंशन मिल रही है। जबकि पुरानी पेंशन व्यवस्था में यह राशि न्यूनतम 15000 रूपये होती थी। ऐसे में इस महंगाई में यह राशि कर्मचारी के बुढ़पें का क्या सहारा बन पाएगी। ऐसी स्थिति में पुरानी पेंशन व्यवस्था ही एक सामाजिक सुरक्षा है इसे हर हाल में लागू किया जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा पूरे देश से महामहिम राष्ट्रपति को आनलाईन पिटीशन भेजी गई, 21 फरवरी पुरानी पेंशन के लिए रेलवे कार्यालयों के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जा चुका है। 21 मार्च में देश भर के सभी जनपद मुख्यालयों में प्रदर्शन के साथ मंच द्वारा सितम्बर तक क्रमवार आन्दोलन जारी रखा जाएगा। संवाददाता सम्मलेन में केन्द्रीय कर्मचारी संगठन से विभूति मिश्रा, बृजेश यादव, संतोष मिश्रा, संजय वर्मा, एस.बी. सिह, राज्य कर्मचारी संगठन के शिवबरन सिंह यादव, अमिता त्रिपाठी, अविनाश चन्द्र मिश्रा, सुभाष तिवारी, राजेश सिंह, अरूण सिंह, फहीम अख्तर, योगेश शुक्ला, अमरजीत मिश्रा, संजय यादव, नरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आनंद वर्मा, एन. डी. द्विवेदी, प्रकाशचन्द्र, श्रवण कुमार, एस.के. घ्घ्त्रिपाठी, राजर्षि त्रिपाठी, मस्तराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से दो किसानों की मौत : ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर किया प्रदर्शन

सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले की लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में रविवार देर रात खेत देखकर आ रहे दो किसानों को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों किसानों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। देर रात मौके पर पहुंचे एसडीएम के आश्वासन पर लोगों ने जाम हटाया । ग्राम शाहपुर के किसान राजेश (45) और देशराज (40) रात करीब 10 बजे अपने खेत मे लगी फसल देखकर वापस आ रहे थे तभी लहरपुर की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों किसानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार पलट गई और ड्राइवर व उसमें बैठा एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गया। किसानों की मौत से नाराज ग्रामीणों ने लहरपुर भदपर मार्ग पर जाम लगा दिया। दुर्घटना की सूचना पर भदपर चौकी पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, परंतु वह असफल रहे। जिस पर उन्होंने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर इंस्पेक्टर आलोक



मणि त्रिपाठी व भारी पुलिस बल पहुंच गया और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया फिर भी ग्रामीणों से उनकी बात नहीं बनी। रात करीब दो बजे उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्र मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने जाम को खोल दिया और पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि स्थिति सामान्य है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीकापुर किसान सेवा सहकारी समिति का हुआ चुनाव

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। बीकापुर–अयोध्या। बीकापुर मुख्यालय पर स्थित बीकापुर किसान सेवा साधन सहकारी समिति के सभापति व उपाध्यक्ष पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। सभापति पद पर सुरेश चंद्र पांडे और उपाध्यक्ष पद पर राम विकल वर्मा को चुना गया। 18 मार्च को मंडल संचालक सदस्य के पद पर हुए चुनाव में नंदरौली से राम विकल वर्मा, धेनुवांवा कालिका प्रसाद तिवारी, बनकट छबि लाल, वहीदुद्दीनपुर राधेश्याम, महरुई सिंह पुष्पा देवी, पातूपुर कृष्णा बदन, चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए वही तीन लोग निर्विरोध निर्वाचित हुए थे जिसमें तोरो माफी से सुरेश चंद पांडे, बीकापुर मजीद, मलेथू कनक सरस्वती पांडे हुए थे। निर्वाचन अधिकारी कमलेश वर्मा ने बताया 19 मार्च को सभापति व उपाध्यक्ष पद के लिए एक–एक नामांकन पत्र दाखिल होने से दोनों पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हो गया। निर्वाचित दोबारा हुए सभापति सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि समिति किसानों के हित के लिए हमेशा कार्य करती है और आगे भी और भी बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा। निर्वाचित सभापति व उपाध्यक्ष होने के बावजूद उनके समर्थक खुशी से झूम उठे जिसमें दिग्विजय प्रताप सिंह उर्फ को, पूर्व प्रधान राजेश वर्मा, संतोष गौड़,सुनील कुमार मिश्र भाजपा युवा जिलाध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा राजकुमार वर्मा उर्फ रज्जू, राजू सिंह , अरुण कुमार पांडे,विमल कुमार, बजरंगी पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव, , दिनेश कुमार मौर्या, अमित कुमार सिंह के अलावा दर्जनों की संख्या में समर्थक शामिल रहे।

# दबंगों ने उखाड़ा नवनिर्मित 50 मीटर खड़ंजा : ट्रैक्टर से उठा ले गए ईट

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कोतवाली के रामपुर कटहित गांव में सुबह छ बजे दबंग पाटीदारों ने नवनिर्मित 50 मीटर खडंजा ईट को उखाड़कर ट्रैक्टर पर ले गए विरोध करने पर महिलाओं के साथ परिवार वालों को दौड़ा दौड़ा के मारा। 20 से 25 की संख्या में आए दबंगों ने खडंजा उखाड़ने का विरोध करने पर पिटाई किया। आरोप है लोग लगातार पुलिस को फोन करते रहे लेकिन पुलिस की कोई सहायता 3 घंटे तक उपलब्ध नहीं हो पाई। जब लोगों ने जिला कप्तान को फोन किया वहां से फोन आने के बाद मछली शहर पुलिस सक्रिय हुई। और मौके से घायलों के लेकर इलाज के लिए गई।जानकारी के मुताबिक अनीता देवी पत्नी शिव प्रकाश के घर जाने के लिए 50 मीटर का खड़ंजा गांव में ही 5 दिन पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा लगवा गया था इसका विरोध सुरेश पुत्र रामदुलार कर रहे थे आरोप है कि खड़ंजा लगने के बाद उखाड़ने की शुरू से ही धमकी दी जा रही थी। रविवार को घटना को अंजाम भी दे दिया गया परिवार वालों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने मदद नहीं की नहीं तो खड़ंजा नहीं उठाया जाता। अनीता को सिर पर गहरी चोट आई है। उनके साथ शिव प्रकाश रामप्रवेश और उनकी पुत्री आंचल को भी चोटें आई हैं। कोतवाली मछली शहर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच चल रही है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी किशोर चौबे ने कुछ भी बताने से मना कर दिया। क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी है जो भी दोषी होगा कठोर कार्रवाई होगी किसी प्रकार गुंडई बर्दाश्त नहीं की जाएगी!

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के कुशल नेतृत्व में 20 मार्च 2023 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत लिंग असमानता को समाप्त करने हेतु बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन करने और समाज में व्याप्त कुरीति कि लड़कों के जन्म पर खुशी मनाई जायेगी लड़कियों की नहीं, के उद्देश्यों को लेकर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिला महिला चिकित्सालय, जौनपुर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें डा0 संदीप सिंह, ए0एस0सी0यू0 प्रभारी एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा कहा किया गया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा लगातार किये जा रहे कन्या जन्मोत्सव से समाज में नई चेतना आई है और अब बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाये जाने हेतु जनमानस प्रेरित हो रहा है। महिला चिकित्सालय में जन्मी 15 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया और उन्हे बेबी हिमालया गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को केक व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुश्री प्रतिभा सिंह एवं श्रीमती बबीता, विधिा सह परिवीक्षा अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई मुरलीधर गिरि व कम्प्यूटर आपरेटर वन स्टाप सेन्टर सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश श्री दिनेश प्रताप सिंह जी की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में माननीय राज्यमंत्री जी के द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शासन के द्वारा दिए गए लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें और जिन परियोजनाओं में निर्माण कार्य चल रहा है मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह का लक्ष्य निर्धारण करें जिसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक दिन एक हजार हाउस कनेक्शन दिए जाए। निराश्रित गो–आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद के सभी गो–आश्रय स्थलों पर बड़े पौधे लगाए जाएं जिससे गो–आश्रय स्थल पर हरियाली बढ़े। माननीय राज्यमंत्री जी के द्वारा निर्देश दिया गया कि गेहूं क्रय केंद्र के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाए और सभी क्रय केंद्र पर नमी जांच करने की मशीन अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। मा0 राज्यमंत्री जी के द्वारा निर्देश दिया गया कि लोहिया पार्क में स्थित ओपन जिम में जो भी मशीनें खराब है उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। जनपद की सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मंडी की 8 वर्ष पुरानी सड़कों की सूची और प्रस्ताव जल्द से जल्द भेजे जाएं। पीएमजेएसवाई सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कमेटी बनाकर सभी सड़कों की जांच कराई जाए। कौशल विकास की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मा0 राज्यमंत्री जी के द्वारा निर्देशित किया गया कि एक ऐसी पुस्तक छपवाई जाए जिसमें छात्रों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक



किया जा सके कि छात्र अपना कैरियर किन – किन क्षेत्रों में बना सकते हैं। वन विभाग की समीक्षा करते हुए माननीय राज्यमंत्री में डीएफओ को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण की तैयारी कर ले और पिछले वर्ष लगे पौधों की वास्तविक स्थिति की सूचना उपलब्ध कराएं। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि संगठित अपराध करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए और अभियोजन विभाग के द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को सजा दिलाएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि जनपद के सभी अस्पतालों में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वास्थ्य कर्मी समय से अस्पताल पहुंचे और अनियमितता करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए पूरी गति से कार्य कराते हुए जल्द से जल्द जनपद वासियों को ईलाज की बेहतर सुविधा दिलाई जाए। इसके उपरान्त मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजनान्तर्गत कुल 60 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गयी। उक्त अवसर पर, माननीय विधान परिषद सदस्य श्री बृजेश सिंह (प्रिंसु), माननीय विधायक बदलापुर श्री रमेश चन्द मिश्र, माननीय विधायक शाहगंज श्री रमेश सिंह, जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी श्री साईं तेजा सीलम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 श्री दिनेश प्रताप सिंह जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने अवगत कराया कि वर्ष 2022–23 में कुल 07 अरब 31 करोड़ 20 लाख शासन से निर्धारित किया गया है, जिसमें कृषि सेक्टर को परिव्यय धनराशि 32 लाख, गन्ना विकास विभाग में रु0 2.769 लाख, पशुपालन विभाग रु0 581.99 लाख, दुग्ध विकास में रु0 179.37 लाख, वन विभाग में रु0 1429.20 लाख, ग्राम्य विकास में रु0 26367.58 लाख, पंचायती राज में रु0 2020 लाख, लघु सिंचाई में रु0 771.20 लाख, नलकूप विभाग हेतु रु0 301.98 लाख, नेडा में रु0 28.40 लाख, लोक निर्माण विभाग में धनराशि 24700.39 लाख, पर्यावरण विभाग में रु0 4.50 लाख, पर्याटन में रु0 30.00 लाख, बेसिक शिक्षा में रु0 4945.45 लाख, खेलकूद विभाग में रु0 80.00 लाख, प्रोदशिक विकास दल में रु0 131.30 लाख, माध्यमिक शिक्षा में रु0 948 लाख, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में रु0 205 लाख, होम्योपैथ में रु0 70.68 लाख, आयुर्वेद में रु0 71.00 लाख, नगरीय पेय जल में रु0 497.60 लाख, पिछड़ा वर्ग कल्याण रु0 1353 लाख, समाज कल्याण विभाग में रु0 7527.20 लाख, महिला कल्याण रु0 2353.56 लाख, दिव्यांगजन कल्याण विभाग को रु0 280.50 लाख, अल्पसंख्यक कल्याण में 69.00 लाख, सामुदायिक विकास में 20.00 लाख, प्राविधिक शिक्षा में रु0 28.82 लाख, आई.टी.आई में रु0 185.00 लाख अनुमोदित किया गया। जिला योजना समिति की बैठक में मा0 विधायक जफराबाद श्री जगदीश नारायण राय, बदलापुर श्री रमेश मिश्रा, शाहगंज श्री रमेश सिंह, मल्हनी श्री लकी यादव, मुंगराबादशाहपुर श्री पंकज पटेल, भाजपा जिलाधिकारी पुष्पराज सिंह, सदस्य विधानसभा परिषद श्री बृजेश सिंह प्रिंशु, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गणेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रामअक्षयबर चौहान, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर. डी. यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।